

फुटबाल खिलाड़ी कृष्णा चौधरी को सम्मानित करते सीएम।

# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम से फुटबाल खिलाड़ी कृष्णा चौधरी ने भेंट की

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुख्यमंत्री आवास स्थित कैंप कार्यालय में फुटबाल खिलाड़ी कृष्णा चौधरी ने भेंट की। मुख्यमंत्री ने शॉल ओढ़ाकर उन्हें सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में खेलों को प्रात्साहित करने के लिए नई खेल नीति बनाई जा रही है। देहरादून के श्री कृष्णा चौधरी दो बार संतोष ट्रॉफी खेल चुके हैं। बार्सिलोना के मार्सेट क्लब से भी उन्होंने अंडर 19 यूथ लीग खेला है।

### पूर्ण बहुमत से बनेगी भाजपा की सरकारः मदन कौशिक

**संवाददाता** देहरादून। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक ने आज टिहरी जिले के धनोल्टी विधानसभा के विकासखंड जौनपुर का दौरा किया। श्री कौशिक के जौनपुर पहुंचने पर पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनका जोश के साथ भव्य स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष ने सभी पदाधिकारियों के साथ आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर बैठक की। कौशिक ने बैठक में कहा कि कार्यकर्ताओं के जोश को देखकर ही स्पष्ट हो रहा है कि 2021 में प्रदेश में भाजपा की जीत सुनिश्चित है। उन्होंने ने कहा कि पार्टी इस बार भी पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगी।

### अवैध बसों के संचालन से रोडवेज को लाखों की चपत

**संवाददाता** देहरादून। पुलिस व आरटीओ विभाग की मिलीभगत से उत्तराखन्ड रोडवेज को हर रोज लाखों के राजस्व का नुकसान उठाना पड़ रहा है। इसके बावजूद भी सम्बन्धित विभाग के अफसरों को कोई परवाह नही है। यह मामला है राजधानी से ठीक चार किमी दूर हर्रावाला का। उप्र के बस माफियाओं का एक गिरोह लम्बे समय से यहां सक्रिय है। इस गिरोह ने आईएएस बस सर्विस के नाम से विभिन्न राज्यो के लिए अवैध रूप से बसों का संचालन किया हुआ है। कोरोनाकाल में भी परिवहन विभाग इन बसों की आवाजाही पर रोक नही लगा सका। इससे साबित होता है कि अवैध बस संचालकों के तार ऊपर तक जुड़े है।

### 40 फिट गहरे गड्ढे मे गिरे डॉग को निकालकर बचाई जान

**संवाददाता** देहरादून। जाको राखे साईया मार सके न कोई इसी कहावत को सच कर दिखाया दूं एनिमल वेल्फेयर टीम के विवेक शर्मा ने मोती बाजार देहरादून के सालों से बंद पड़े खंडर मकान मे 4 दिन पहले गिरे डॉग कि सूचना दूँन एनिमल वेल्फेयर संस्था को पशु प्रेमियो के माध्यम से मिली संस्था द्वारा तुरन्त सूचना का संज्ञान लेते हुए संस्था द्वारा टीम को मौके पर भेजा गया लगभग 2 घंटे कि कोशिश के बाद सकुशल डॉग को बाहर निकाला गया।

# उत्तराखण्ड के सीमान्त क्षेत्रों से पलायन रोकना जरूरीः सीएम

**भेंट**

- इंटरनेशनल रोटरी क्लब के अध्यक्ष शेखर मेहता व अन्य पदाधिकारी सीएम से मिले
- रोटरी क्लब उत्तराखण्ड में 10 हजार पौधे रोपेगा

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुख्यमंत्री आवास में इंटरनेशनल रोटरी क्लब के अध्यक्ष शेखर मेहता के नेतृत्व में प्रतिनिधि मण्डल ने भेंट की। इस अवसर पर उत्तराखण्ड में शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण व जल संरक्षण एवं अन्य क्षेत्रों में रोटरी क्लब द्वारा राज्य सरकार को सहयोग देने पर चर्चा की गई।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को स्वरोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में अनेक कार्य कर रही है। इसमें रोटरी क्लब द्वारा क्या सहयोग दिया जा सकता है, इस दिशा में प्रयास हों। उत्तराखण्ड में सीमान्त एवं ग्रामीण क्षेत्रों से पलायन को रोकने के लिए रोटरी क्लब से सहयोग की अपेक्षा मुख्यमंत्री ने की। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड के



सीमान्त क्षेत्रों से पलायन रोकना जरूरी है। इन क्षेत्रों में रह रहे लोग को सीमा प्रहरी के रूप में विशेष भूमिका रहती है। बैठक के दौरान प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों को टेलीमेडिसिन की सुविधा, ई–लर्निंग, बालिकाओं के लिए मार्शल आर्ट की ट्रेंनिंग, साक्षरता अभियान आदि विषयों पर चर्चा हुई ।

इंटरनेशनल रोटरी क्लब के अध्यक्ष श्री शेखर मेहता ने उपहार स्वरूप गुलदस्ते की जगह पर पौधा देने की मुख्यमंत्री की पहली की सराहना करते हुए कहा कि रोटरी क्लब द्वारा उत्तराखण्ड में 10 हजार पौधे रोपे जायेंगे। उन्होंने



कहा कि राज्य सरकार को क्लब द्वारा हर संभव सहयोग देने का प्रयास किया जायेगा। राज्य में टेलीमेडिसिन की सुविधा, स्वास्थ्य शिविरों की व्यवस्था, साक्षरता को बढ़ाने के लिए लर्निंग मैटीरियल, कुपोषण मुक्ति, मार्शल आर्ट ट्रेनिंग, जल संरक्षण की दिशा में राज्य सरकार को सहयोग दिया जायेगा। सीमांत क्षेत्रों के लोगों की आर्थिकी को बढ़ावा दने के लिए क्या किया जा सकता है, इस पर विचार कर आवश्यक सहयोग किया जायेगा।

इस अवसर पर रोटरी क्लब से कमल सांगवी, अजय मदान, अरूण शर्मा, सुशांत आहूजा एवं अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

### देवस्थानम बोर्ड के विरोध में आप युवा मोर्चा ने बद्रीनाथ धाम में किया प्रदर्शन

**संवाददाता** देहरादून। देवस्थानम बोर्ड के विरोध और देवस्थानम बोर्ड को भंग करने की मांग को लेकर आम आदमी पार्टी के युवा मोर्चा चमोली के जिलाध्यक्ष सूरज कोहली के नेतृत्व में आप पार्टी के युवा कार्यकर्ताओं ने बद्रीनाथ धाम में प्रदर्शन किया। उनकी मांग थी कि,तीर्थ पुरोहितों के हक हकुकों को देखते हुए देवस्थानम बोर्ड को तत्काल भंग किया जाना चाहिए। इस दौरान युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सूरज कोहली ने बीजेपी सरकार पर तीर्थ पुरोहितों के हक को मारने का आरोप लगाते हुए तत्काल आंदोलन पर बैठे पुरोहितों की बात मानने की मांग की। सूरज कोहली ने कहा,देवस्थानम बोर्ड को भंग कर सरकार तीर्थ पुरोहितों की बात माने। इस दौरान आप के युवा नेता भगवती मैंदोली ने कहा कि, आज वो सभी लोग देवस्थानम बोर्ड के विरोध में बद्रीनाथ धाम आए हैं। उन्होंने कहा कि, बीजेपी ने पिछले साढ़े चार सालों से ,जनता के साथ छलावा किया है। उन्होंने कहा प्रचंड बहुमत की जिस सरकार को जनता के हितों के बारे में सोचना चाहिए था।

# चार माह में शत प्रतिशत वैक्सीनैशनः मुख्यमंत्री

**शुभारंभ**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मेगा वैक्सीनैशन कैम्प का शुभारंभ किया

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने त्यागी रोड स्थित संत निरंकारी भवन में मेगा कोविड वैक्सीनेशन कैम्प का शुभारंभ किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत भी मौजूद थे।

**प्रधानमंत्री के नेतृत्व में चल रहा सबसे बङा कोविड टीकाकरण अभियानः** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश में



विश्व का सबसे बड़ा कोविड टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। प्रदेश में राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के दूरस्थ आर तक कैम्प लगाकर टीकाकरण किया जा रहा है। चार माह में प्रदेश में शत प्रतिशत कोविड–19 वैक्सीनेशन किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने टीकाकरण के लिए आए लोगों से मिलकर उनका हालचाल पूछा।

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा की संत निरंकारी भवन में आज 01 हजार वैक्सीनेशन का लक्ष्य रखा गया है। आज प्रदेश में डेढ़ लाख कोविड वैक्सीनेशन करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए 750 कैम्प लगाए गए हैं।

इस अवसर पर स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. तृप्ति बहुगुणा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

### तीलू रौतेली पुरस्कारों में भाजपाई बंदरबांट की धीरेंद्र प्रताप ने की निंदा

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड कांग्रेस के उपाध्यक्ष और वरिष्ठ प्रवक्ता धीरेंद्र प्रताप ने पार्टी मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कल घोषित 22 लोगों को दिए गए तीलू रौतेली पुरस्कारो में भाजपाई बंदरबांट की कड़ी निंदा की है। प्रताप ने कहा है कि जिस तरह से भाजपा ने 22 में से आधे से ज्यादा पुरस्कार भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं, उनके रिश्तेदारों और चाटूकारों में बांट दिए हैं उससे यह उक्ति सिद्ध हो गई है कि अंधा बांटे रेवड़ी अपने अपने को दे। उन्होंने राज्यपाल बेबी रानी मौर्य से अपील की है कि वह इस मामले में हस्तक्षेप करें और तीलू रौतेली पुरस्कारों की जो घोषणा की गई है उसमें योग्यता के आधार पर मातृशक्ति का चयन हो इसको सुनिश्चित करने के आदेश सीएम को दें।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+






Scan This Code

Read News
Watch News Channel

**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।